1	2	3	4
December '79	Lasalgaon	367	201-300
	Manmad	555	199-293
	Pimpalgaon	86	210-293
		1008	
	Grand Total . .	8674	

बिहारशरीफ, बिहार में सीधी डायल व्यवस्था

783. **श्री विजय कुमार यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य के नालन्दा जिले में बिहारशरीफ, कस्बा जिला मुख्यालय है और वह देश में आलू का सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र है;

(ख) क्या इस कस्बे में सीधी डायल व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण भारी असुविधा होती है;

(ग) क्या स्वचालित डायल व्यवस्था स्थापित करने के लिये यह कस्बा सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करता है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस कस्बे मे स्वचालित डायल व्यवस्था स्थापित करने का है, और यदि हां, तो कब तक और यदि नही, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्री (श्री सी० एम० स्टीफन) : (क) से (ग). नालन्दा जिले के मुख्यालय नगर बिहारशरीफ को 480 लाइनों वाले हस्तचल एक्सचेंज द्वारा सेवा प्रदान की जाती है । 30-9-79 को 389 कनेक्शन चालू थे तथा प्रतीक्षा सूची में 14 आवेदक थे ।

इस प्रकार के सभी केन्द्रों में सरकार की इच्छा स्वचल एक्सचेंज स्थापित करने की है । परन्तु स्वचल स्विचिंग उपस्कर की सीमित उपलब्धता के कारण कुछ समय के लिये ऐसा करना सम्भव नहीं हो सकेगा । स्वचल स्विचिंग उपस्कर का उत्पादन एवं सप्लाई बढ़ाने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं ।

(घ) वर्तमान स्थिति के अनुसार 1982-83 के बाद ही एक स्वचल एक्सचेंज की स्थापना पर विचार करना सम्भव हो सकेगा ।

बिहार में पटना सदर ब्लाक और बिहारशरीफ क्षेत्रों को उर्वरकों की सप्लाई

784. **श्री विजय कुमार यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में पटना सदर ब्लाक और बिहारशरीफ आलू, प्याज और अन्य सब्जियों के उत्पादन के सबसे बड़े केन्द्र हैं,

(ख) क्या यह भी सच है कि आलू, प्याज और सब्जियों के उत्पादन के लिए अमोनिया सल्फेट उर्वरकों की भारी मांग है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का उपरोक्त क्षेत्रों का अमोनिया सल्फेट उर्वरको की सप्लाई करने में प्राथमिकता देने का विचार है ।

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) बिहार में पटना सदर ब्लाक और बिहारशरीफ आलू, प्याज और सब्जियों के उत्पादन करने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं ।

(ख) सस्य विज्ञान की दृष्टि से नाइट्रोजन-युक्त उर्वरक आलू, प्याज तथा सब्जियों के लिए समान रूप से प्रभावी है । तथापि, जहां कहीं सल्फर की कमी होती है, वहां अमोनिया सल्फेट के प्रयोग को वरीयता दी जाती है ।

(ग) उपरोक्त (क) तथा (ख) को दृष्टि में रखते हुए प्रश्न ही नहीं होता ।

Amendment in Seeds Act

786. SHRI VIJAY N. PATIL: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the steps Government propose to take to reduce the exploitation of